विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-20 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 20 (क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड- मिश्रिख में मिश्रिख नहर चौराहे पर पुलिया संकरी होने से लोगों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाई होती है? | जनपद सीतापुर के विकास खण्ड मिश्रिख में मिश्रिख नहर चौराहे पर पुलिया रा0मा0 सं0-330डी के किमी0 20 में स्थित है। रा0मा0 सं0-330डी के किमी0 0.000 से 38.853 के मध्य चौडीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा परिपत्र सं0-सीई/आरओ/एलकेओ/एनएच(ओ)/14एनएच-330डी/2021-22, दिनांक 15-11-2021 में स्वीकृत है, जिसमें प्रश्नगत पुलिया का चौडीकरण प्राविधानित है। उपरोक्त कार्य की पुन: निविदा दिनांक 26-04-2023 को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आमंत्रित की गयी थी। मा0 उच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 18-05-2023 को पारित आदेश के क्रम में उक्त कार्य की पुन: आमंत्रित निविदा पर रोक लगा दी गयी है। इस प्रकार प्रश्नगत प्रकरण मा0 उच्च न्यायालय, नई दिल्ली के समक्ष विचाराधीन है, जिसमें दिनांक 14-09-2023 को सुनवाई निर्धारित है। प्रश्नगत प्रकरण में मा0 न्यायालय द्वारा पारित निर्देशानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। |
| (ख) यदि हां, तो उक्त समस्या के निदान हेतु नहर पर पुलिया का चौड़ीकरण करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि हां, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

बृजेश सिंह
राज्य मंत्री
लोक निर्माण विभाग।